# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–20 अक्टूबर 2025** **सान्ध्य समाचार**

_प्रकाश पर्व दीपावली आज पूरे देश में हर्षोल्लास के वातावरण में मनायी जा रही है। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु, उप राष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुभकामनाएं दी हैं।

प्रधानमंत्री ने आज गोवा और कारवार तट पर आईएनएस विक्रांत पर नौसेना कर्मियों के साथ दीपावली मनाई। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि तीनों सेनाओं के बीच असाधारण समन्वय ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान को घुटने टेकने पर विवश कर दिया था।

***भारतीय वायु सेना द्वारा दिखाए गए अद्‌भुत कौशल ने भारतीय सेना की जांबाजी ने तीनों सेनाओं के जबरदस्त समन्वय ने ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान को इतनी जल्दी घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया था।***

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत का पहला स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत, भारत के सशस्त्र बलों की क्षमता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि वह भाग्यशाली हैं कि वह नौसैनिकों के साथ पवित्र त्योहार मना रहे हैं।

दीपावली पर्व पर श्रद्धालुओं ने आज प्रदेश की विभिन्न पवित्र नदियों और तीर्थस्थलों पर स्नान कर पूजा अर्चना की। अयोध्या के श्रीराम मंदिर और मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मभूमि, द्वारिकाधीश और वृंदावन के प्रसिद्ध श्री बांकेबिहारी मंदिर में पूरे दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही है। चित्रकूट की पवित्र मंदाकिनी नदी में देश भर से आए श्रद्धालुओं ने स्नान कर पूजा पाठ किया। ऐसी मान्यता है कि भगवान श्री राम ने अपने वनवास के दौरान वहां काफी समय बिताया था।

दीपावली पर्व पर आज पूरे दिन प्रदेश के सभी जिलों में बाजारों में भारी भीड़ रही। भीड़भाड़ को देखते हुए जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह से मुस्तैद रहा। शाम ढलने के साथ ही लोगों के घर और व्यापारिक प्रतिष्ठान मिट्टी के दीयों, मोमबत्तियों और इलेक्ट्रॉनिक झालर से गुलजार होने लगे हैं। घर–घर लक्ष्मी गणेश की पूजा की जा रही है और आतिशबाजी भी जोर पकड़ने लगी है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अयोध्या और गोरखपुर में दीपावली मनाई। उन्होंने अयोध्या में सफाईकर्मियों, नाविकों और मलिन बस्ती के परिवारों के बीच फल और मिठाई वितरित किया। एक सोशल मीडिया पोस्ट में मुख्यमंत्री ने कहा कि इन कर्मयोगियों और परिवारों ने अपने अथक परिश्रम, निःस्वार्थ सेवा और अनुशासित निष्ठा से श्री अयोध्या धाम की पवित्रता, स्वच्छता और सामाजिक समरसता को जीवंत बनाए रखा है। उन्होंने श्रीराममंदिर और हनुमानगढ़ी में दर्शन पूजन भी किया।

गोरखपुर में मुख्यमंत्री ने वनटांगिया गांव जंगल तिनकोनिया नंबर तीन के लोगों के साथ दीपावली मनाई। इस अवसर पर उन्होंने उन्चास करोड़ रुपये की एक सौ तैंतीस विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने केन्द्र और प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद किया। उन्होंने गर्भवती महिलाओं की गोदभराई और बच्चों का अन्नप्राशन भी कराया।

इस अवसर पर अपने सम्बोधन में मुख्यमंत्री ने अयोध्या में हो रहे बदलावों का उल्लेख करते हुए कहा कि ये दीपावली नए भारत के नए उत्तर प्रदेश का दिग्दर्शन दुनिया को कराती है।

***दुनिया की पहली सोलर सिटी के रूप में अयोध्या में अब भगवान सूर्य की ही किरणों से बिजली दी जा रही है यह भी एक नया रूप देखने को मिला है। आपने देखा होगा कितनी भव्य और दिव्य दीपावली हुई। यह दीपावली नये भारत के नये उत्तर प्रदेश के दीपावली का दिग्दर्शन दुनिया को कराती है।***

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पिछले महीने की बाइस तारीख को शुरू किए गए जीएसटी बचत उत्सव से समाज के सभी वर्गों को लाभ पहुंच रहा है। इस श्रृंखला में प्रस्तुत है संपत्ति क्षेत्र को मजबूत बनाने में जीएसटी सुधारों की भूमिका पर एक रिपोर्ट–

***नई जीएसटी सुधारों ने इमारतें बनाने संबंधी आवश्यक सामग्रियों को अधिक किफायती बनाकर और समग्र परियोजना लागत को कम करके रियल एस्टेट क्षेत्र को बढ़ावा दिया है। सीमेंट पर कर की दर 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दी गई है। जिससे देश भर में घरों और बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं के निर्माण की लागत कम हो गई है। इसके अलावा, संगमरमर और ग्रेनाइट ब्लॉकों पर भी जीएसटी 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई है। जिससे फर्श और फिनिशिंग कार्यों की लागत में कमी आई है। इसी प्रकार रेत–चूने की ईंटों पर अब 12 प्रतिशत के बजाय 5 प्रतिशत की कम दर लागू की गई है। समर्थ की रिपोर्ट के साथ अक्षित वैद्यान, आकाशवाणी समाचार दिल्ली।***

**********

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि त्योहारों के अवसर पर दिल्ली के स्टेशनों पर यात्रियों की भीड़ बढ जाती है, ऐसे में रेलवे ने उनकी सुविधा के लिए व्यापक इंतजाम किए हैं। रेल मंत्री ने कहा कि रेलवे के बारे में सोशल मीडिया पर फर्जी वीडियो प्रसारित करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

**********

मौसम विभाग ने अगले अड़तालीस घंटों के दौरान अधिकतम तापमान और अगले बहत्तर घंटों के दौरान न्यूनतम तापमान में मामूली वृद्धि की संभावना जताई है। विभाग के मुताबिक इसके बाद तापमान में गिरावट होगी।

**********